# हटाए अतिक्रमण, लगे पक्षपात के आरोप

**खास बातें**

- उदयपुर में अतिक्रमण हटाने पर बनी विवाद की स्थिति
- जेसीबी से हटाए गए निर्माण, हुई कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 19 जुलाई, प्राचीन स्थल उदयपुर में रविवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाया. कार्रवाई के दौरान मौके पर काफी देर तक हलचल का माहौल बना रहा और कुछ स्थानों पर विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई.**

स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी लगाए गए कि कार्रवाई के दौरान एक राजस्व अधिकारी ने कुछ अतिक्रमणकारियों के पक्ष में कार्य किया. हालांकि इन आरोपों की प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. क्षेत्र के कुछ लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अपेक्षित सख्ती से नहीं की गई तथा कुछ पक्के निर्माणों को लेकर पक्षपात बरते जाने के आरोप भी सामने आए हैं. इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है. प्रशासन की ओर से अभी तक इस कार्यवाही को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है. यदि पक्षपात अथवा अनियमितता के आरोपों की जांच होती है तो वास्तविक स्थिति जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष एवं समान रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई हो तो उसकी जांच कराने की मांग की है.

## कच्चा मकान गिरने से विधवा महिला बेघर, आर्थिक सहायता की मांग



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 19 जुलाई**, वार्ड 4 में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब काशीबाई अहिरवार, पत्नी स्वर्गीय कालूराम अहिरवार का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया. घटना के समय काशीबाई घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थीं, जिससे उनकी जान बच गई. यदि वह उस समय घर के अंदर होतीं तो गंभीर हादसा हो सकता था.

मकान गिरने से घर में रखा खाने-पीने का सामान, कपड़े, बर्तन सहित अन्य घरेलू सामग्री मलबे में दबकर खराब हो गई. इस घटना से गरीब वृद्ध विधवा महिला को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और वह बेघर हो गई हैं. घटना की सूचना मिलते ही वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रतिनिधि मणि भाई अहिरवार मौके पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित महिला को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया तथा प्रशासन से मामले की जांच कर शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की. स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि महिला की स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल राहत राशि एवं आवास संबंधी सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह सामान्य जीवन फिर से शुरू कर सके.

### एक नजर में

#### भव्य कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर आज बैठक

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** अगस्त माह में आयोजित होने वाली भव्य कावड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 20 जुलाई 2026 (सोमवार) को सायं 4 बजे रायपुरा स्थित समिति कार्यालय में किया जाएगा. समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने सभी आजीवन सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी सदस्यों के सुझाव और विचार महत्वपूर्ण हैं. बैठक में यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी. समिति ने सभी आजीवन सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है.

#### दो मामलों के फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने जिले के दो अलग-अलग प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले सूचना देने वालों के लिए नगद इनाम की घोषणा की है. पुलिस के अनुसार थाना नटेरन में दर्ज अपराध क्रमांक 172/2026 के फरार आरोपी जितू उर्फ जितेंद्र कुशवाह, निवासी गंजबासौदा तथा देहात थाना गंजबासौदा में दर्ज अपराध क्रमांक 209/2026 के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले व्यक्ति को तीन-तीन हजार रुपये का नगद इनाम दिया जाएगा. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, यदि वह चाहे, तो पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा.

## शहर वाचनालय में मनाई गई शहीद मंगल पांडे की जयंती एवं गोपाल दास नीरज की पुण्यतिथि

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा स्थानीय शहर वाचनालय, पुरानी नगर पालिका के पास शहीद मंगल पांडे की जयंती एवं प्रसिद्ध कवि गोपाल दास नीरज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई. कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं पाठकों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की.**

मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि क्रांति के अग्रदूत मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ था. उन्होंने देश की आजादी के प्रथम संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके बलिदान ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी. कार्यक्रम का संचालन करते हुए पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने मंगल पांडे को महान स्वतंत्रता सेनानी तथा गोपाल दास नीरज को हिंदी साहित्य का अप्रतिम कवि बताया. वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विमलचंद ओसवाल एवं लक्ष्मीनारायण शर्मा (मोरादावाले) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गोपाल दास नीरज को भारत सरकार ने पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित किया था. उनकी अमर रचना कारवां गुजर गया, गुबार देखते रहे आज भी साहित्य प्रेमियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है. कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर विजय अरोरा, चंद्रभान दांगी, विवेक माथुर, रमेश सोलंकी, सोनू पटवा, उत्तम सोनी, कैलाश नेमा, मोहन सैनी सहित अनेक पाठक उपस्थित रहे. अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद मंगल पांडे एवं कवि गोपाल दास नीरज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

## कांग्रेस भवन को लेकर वरिष्ठ नेता के गंभीर आरोप

- किराया और जमीन बिक्री पर उठाए सवाल



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. कांग्रेस पार्टी के इंदिरा भवन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता राधेश्याम तिवारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को जानकारी दिए बिना पार्टी के इंदिरा भवन को करीब 15 वर्ष पहले किराए पर दे दिया गया. इसके बाद भवन में शादी, विवाह, सगाई, जन्मदिन सहित अन्य निजी कार्यक्रम आयोजित होने लगे.**

राधेश्याम तिवारी ने आरोप लगाया कि मुख्य मार्ग मिल रोड पर स्थित कांग्रेस भवन की सड़क से लगी भूमि के तीन प्लॉट भी बेच दिए गए. उनका कहना है कि इस बिक्री का कोई स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है और न ही यह जानकारी दी जा रही है कि राशि कहां खर्च हुई. उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भवन से मिलने वाला किराया कौन प्राप्त कर रहा है और उसका हिसाब पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने क्यों नहीं रखा जाता. उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के लिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों से चंदा भी एकत्रित किया गया था. भवन का निर्माण तो हुआ, लेकिन दूसरी मंजिल आज भी अधूरी पड़ी है. भवन में पर्याप्त कक्षों का निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा आवश्यक सुविधाएं भी विकसित नहीं की गईं. उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में कभी बैठक बुलाकर चर्चा नहीं की गई और वर्षों से मामले को दबाया जाता रहा.

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्च स्तर पर शिकायत भी की गई, लेकिन न तो जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई की गई. वहीं, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नितिन दुबे ने कहा कि भवन में मौजूद किराएदार को परिसर खाली करने के लिए कह दिया गया है.

उन्होंने बताया कि इंदिरा भवन अब पूरी तरह कांग्रेस पार्टी के कार्यालय के रूप में संचालित होगा. यहां पार्टी की बैठकें और संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. कार्यालय में एक व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी, जो आने वाले लोगों की शिकायतें दर्ज करेगा. साथ ही कार्यकर्ताओं और आगंतुकों के लिए जलपान की व्यवस्था भी रहेगी. नितिन दुबे ने कहा कि अतीत में जो हुआ, उसे छोड़कर अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में पार्टी कार्यालय का उपयोग केवल संगठनात्मक गतिविधियों के लिए ही हो.



## आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद दिन-रात खेतों की रखवाली को मजबूर

**नवभारत न्यूज**

**पठारी.** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. खेतों में घूम रहे पशुओं के झुंड किसानों की खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. किसान सोनू ठाकुर ने बताया कि आवारा पशु उनकी सोयाबीन और मूंग की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं. फसल बचाने के लिए दिन-रात खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है, लेकिन इसके बावजूद भी पशुओं को रोक पाना मुश्किल हो रहा है. किसानों का कहना है कि उन्होंने महंगे बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों पर हजारों रुपये खर्च किए हैं. खेती ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है, लेकिन क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में घूम रहे आवारा पशुओं के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है. स्थानीय किसानों के अनुसार खरीफ फसल की बुआई के बाद से ही यह समस्या और गंभीर हो गई है. रात के समय खेतों की निगरानी करने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

## जगन्नाथ रथ यात्रा में महिलाओं के मंगलसूत्र चोरी होने की घटनाएं

- सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान इस वर्ष भी महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाएं लगभग हर वर्ष रथ यात्रा और अन्य बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान होती हैं.**

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय नागरिकों के अनुसार भीड़ का फायदा उठाकर सक्रिय गिरोह महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और हार काटकर फरार हो जाते हैं. लोगों का दावा है कि ऐसे गिरोहों में बाहरी महिलाएं भी शामिल रहती हैं, जो भोपाल, विदिशा, बीना सहित अन्य शहरों से धार्मिक आयोजनों के दौरान पहुंचती हैं. हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं की गई है.

नागरिकों का कहना है कि ऐसे संदिग्ध समूह केवल रथ यात्रा ही नहीं, बल्कि प्रवचन, कथा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय दिखाई देते हैं. उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बड़े धार्मिक आयोजनों में सादे कपड़ों में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए, ताकि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले आयोजनों में अपने कीमती आभूषणों और सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की तत्काल सूचना निकटतम पुलिसकर्मी या डायल-112 पर दें.

## निर्माणाधीन होटल से बिजली के तार चोरी का खुलासा

- सांची पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**सांची. विदिशा रोड स्थित निर्माणाधीन मधुरम होटल से बिजली के तांबे के तार चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सांची पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए तार, जला हुआ तांबा, नगदी तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किए हैं. पुलिस ने महज 16 दिनों में मामले का खुलासा कर दिया.**

थाना सांची पुलिस के अनुसार 3 जुलाई 2026 को फरियादी अभिषेक महेश्वरी निवासी विदिशा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2-3 जुलाई की दरमियानी रात विदिशा रोड स्थित निर्माणाधीन मधुरम होटल के स्टोर रूम से हेवल्स कंपनी के तांबे के तारों के 134 बंडल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए. शिकायत पर अपराध क्रमांक 135/26 के तहत धारा 309(6) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी आर.बी. शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई. विवेचना के दौरान होटल सहित विदिशा-भोपाल मार्ग पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई. पुलिस ने भोपाल के गांधीनगर क्षेत्र से अभयसिंह (22), गौरव ठाकरे (18), प्रकाश मराठी (23) तथा चंद्रराज (50) को हिरासत में लेकर पूछताछ की. न्यायालय से पुलिस रिमांड मिलने के बाद आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए कुछ तार जलाकर बेच दिए थे, जबकि शेष तार छिपाकर रखे गए थे.

### 16 दिन में सुलझा मामला, दो लाख रुपये का माल, नगदी, ऑटो और मोटर साइकिल बरामद

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 35 बंडल हेवल्स कंपनी के तांबे के तार, लगभग 10 किलोग्राम जला हुआ तांबा, 49 हजार रुपये नगद तथा करीब दो लाख रुपये का चोरी गया माल बरामद किया. इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त एक ऑटो (कीमत लगभग चार लाख रुपये) एवं एक मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 60 हजार रुपये) भी जब्त की गई. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आर.बी. शर्मा, उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज सेन, गणेशराम, ध्रुव सिंह, सुरेश गोहे, रामकरण शर्मा तथा आरक्षक सौरभ रघुवंशी, देवेंद्र अहिरवार, योगेश रघुवंशी, महिला आरक्षक निधि तिवारी एवं शिवानी रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही. सांची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और त्वरित विवेचना के आधार पर 16 दिनों के भीतर इस चोरी का सफल खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया.

## पवई रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, इंदौर में पत्नी की हत्या का आरोपी होने की आशंका

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. पवई रेलवे ट्रैक पर बीती रात एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान भोपाल निवासी अखिलेश सैनी ( 45 ) के रूप में की गई है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक 11 दिन पहले इंदौर में अपनी पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहा था. इंदौर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था.**

सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस के अनुसार शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है तथा मृतक का सिर बरामद नहीं हुआ है. घटनास्थल से कुछ पत्र भी मिले हैं, जिन्हें प्रथम दृष्टया सुसाइड नोट जैसा माना जा रहा है. पुलिस ने उन पत्रों को जब्त कर जांच में शामिल कर लिया है. फिलहाल शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है. वहीं, इंदौर पुलिस से भी संपर्क कर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के कारणों की जांच कर रही है.

#### खरीफ सीजन की एपीसी समीक्षा बैठक आज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में 20 जुलाई को शाम 4 बजे जिला स्तरीय खरीफ एपीसी बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा होगी. बैठक में खरीफ फसलों की स्थिति, उर्वरक-बीज उपलब्धता, सिंचाई, फसल संरक्षण, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी. कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी और आवश्यक अभिलेखों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि खरीफ सीजन की योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके.

## प्रशासनिक सेवा का सपना होगा साकार, आदर्श महाविद्यालय में छह दिवसीय कार्यशाला आज से

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रेरित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से शासकीय आदर्श महाविद्यालय, विदिशा में 20 से 25 जुलाई तक छह दिवसीय विशेष कार्यशाला प्रशासनिक अधिकारी कैसे बनें का आयोजन किया जा रहा है. कार्यशाला महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित होगी. कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को होगा. उद्घाटन सत्र में डिप्टी कलेक्टर मोतीलाल अहिरवार एवं सहायक कुलसचिव डॉ. पुनीत शुक्ला विद्यार्थियों से संवाद करेंगे. वे प्रशासनिक सेवाओं में सफलता के लिए आवश्यक तैयारी, अध्ययन रणनीति और अपने अनुभव साझा करेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार करेंगे. दूसरे दिन निरीक्षक दीपिका गौतम (पीएचक्यू, भोपाल) विद्यार्थियों को संबोधित करेंगी. हाल ही में अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर सफल आरोहण कर उन्होंने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है. उनके साथ निरीक्षक भूर सिंह चौहान भी अपने अनुभव साझा करेंगे. तीसरे दिन जिला अभियोजन अधिकारी जे.एस. तोमर प्रशासनिक एवं न्यायिक सेवाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन देंगे. चौथे दिन उपसंचालक कृषि संजय जैन प्रशासनिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों एवं चुनौतियों की जानकारी देंगे. कार्यशाला के पांचवें दिन प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रशासनिक विषयों के जानकार डॉ. विमल गर्ग व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा प्रशासनिक दृष्टिकोण पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे. समापन दिवस पर रोजगार कार्यालय के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रोजगार अधिकारी विभिन्न रोजगार एवं कैरियर अवसरों की जानकारी देंगे. महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल और रोजगार संबंधी संभावनाओं के प्रति जागरूक करना है. कार्यक्रम में विदिशा तथा आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है.

**मौन सूचना**

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

**श्रमदान** | **श्रमदान दल ने बचाई वर्षों की हरियाली**

# छत से रिपटा घाट तक पहुंचा 10 फीट का पीपल

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए श्रमदान दल ने अपने वृक्षारोपण अभियान 5.0 के तहत लगभग 10 फीट ऊंचे पीपल के पौधे का सफल प्रत्यारोपण कर उसे रिपटा घाट पर नया जीवन दिया. करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किए गए इस अभियान ने यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति, सामूहिक प्रयास और सही तकनीक से बड़े पौधों एवं वृक्षों का भी संरक्षण संभव है.**

यह पीपल का पौधा शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ए.के. त्रिपाठी के दो मंजिला मकान की छत पर बनी क्यारी में वर्षों से विकसित हो रहा था. समय के साथ इसका आकार बढ़ने लगा, जिससे भवन को भविष्य में नुकसान पहुंचने की आशंका थी. पौधे को काटने के बजाय डॉ. त्रिपाठी ने श्रमदान दल से संपर्क किया, जिसके बाद दल ने उसका सुरक्षित प्रत्यारोपण करने का निर्णय लिया. रविवार को डॉ. ए.के. त्रिपाठी के साथ कोमल कुशवाह, नितिन अग्रवाल, राकेश रघुवंशी, गजराज राय, कुलदीप दांगी और आकाश जैन ने करीब तीन घंटे तक लगातार मेहनत कर पौधे को जड़ों सहित सावधानीपूर्वक निकाला. रस्सियों की सहायता से उसे दो मंजिला छत से सुरक्षित नीचे उतारा गया और ऑटो के माध्यम से रिपटा घाट पहुंचाकर विधिवत प्रत्यारोपित किया गया. पूरी प्रक्रिया के दौरान जड़ों और मिट्टी को सुरक्षित रखने का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे पौधे के जीवित रहने की संभावना बढ़ गई है. श्रमदान दल ने बताया कि यह उनका पहला प्रत्यारोपण अभियान नहीं है. इससे पहले भी दल तीन अन्य पौधों का सफलतापूर्वक स्थानांतरण कर चुका है. इनमें प्रत्यारोपित नीम और आंवला आज वृक्ष का स्वरूप ले चुके हैं, जबकि एक अनार का पौधा जीवित नहीं रह सका. दल के अनुसार बड़े पौधों का प्रत्यारोपण चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है, जिसकी सफलता सही तकनीक, अनुकूल मौसम और प्रत्यारोपण के बाद नियमित देखभाल पर निर्भर करती है.

दल के सदस्यों ने कहा कि पीपल भारतीय संस्कृति में आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन का भी महत्वपूर्ण आधार है. ऐसे परिपक्व पौधों और वृक्षों का संरक्षण जैव विविधता, छाया, स्वच्छ वायु और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है. श्रमदान दल ने नागरिकों से अपील की कि जहां भी संभव हो, पेड़ों को काटने के बजाय उनका प्रत्यारोपण कराया जाए. उनका कहना है कि एक परिपक्व वृक्ष को बचाना केवल एक पौधे को बचाना नहीं, बल्कि वर्षों की हरियाली, प्राणवायु, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संरक्षण करना है. दल ने स्पष्ट किया कि वृक्षारोपण अभियान 5.0 केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक संभव परिपक्व वृक्ष को बचाने का जनभागीदारी अभियान भी है.

## यूसीसी पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का समर्थन, असद नवेद बने मध्यभारत प्रांत संयोजक

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई. देश में समान नागरिक संहिता ( यूसीसी ) को लेकर चल रही बहस के बीच मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मध्यप्रदेश में इसे लागू किए जाने का खुलकर समर्थन किया है. मंच की बैठक एडवोकेट असद नवेद हाशमी के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें यूसीसी के समर्थन के साथ संगठनात्मक विस्तार और विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई.**

बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा कि समान नागरिक संहिता देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक है. उन्होंने कहा कि यूसीसी किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि संविधान की भावना के अनुरूप सभी नागरिकों को समान अधिकार और कानून के समक्ष समानता सुनिश्चित करने का माध्यम है.

इस अवसर पर संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए विदिशा जिला संयोजक एडवोकेट असद नवेद हाशमी को अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद फैज खान की सहमति से मध्यभारत प्रांत संयोजक का दायित्व सौंपे जाने की घोषणा की गई. बैठक में हाजी साबिर भाई, जुबैर कुरैशी एवं अंसार पहलवान ने कहा कि यूसीसी लागू होने से अनेक सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगेगी तथा महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान मिलेगा. वहीं जाहिद भाई एवं राजू खान ने कहा कि इस्लाम न्याय और समानता का संदेश देता है तथा यूसीसी भी इसी भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वक्फ संपत्तियों के संरक्षण एवं वक्फ अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में योगदान के लिए मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा वक्फ रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. इस संबंध में अफरोज मियां एवं जाहिद सिद्दीकी ने कहा कि सनवर पटेल ने वक्फ संपत्तियों को अतिक्रमण से बचाने और उनके पारदर्शी प्रबंधन के लिए सराहनीय कार्य किए हैं. बैठक में किशवर खान, राबिया खान, जुनेद खान, सोहेल अली, सलमान मंसूरी, जावेद पठान, शगुफ्ता अली, इसरार खान, मुबारक खान सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे.